देखभाल तथा अवसर के लिए योजना

रोज़मर्रा जीवन को और अधिक वहन करने योग्य (**Affordable**) बनाना

ऑंटारियो हर उम्र के लोगों को ऐसे अर्थपूर्ण निवेश करके आगे बढ़ने में सहायता कर रहा है जो घरेलू लागतों को कम करते हैं तथा तेज़ आर्थिक तबदीली के समय में और अधिक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती हैं। यह निवेश यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि ऑंटारियो रहने, काम करने के लिए तथा परिवार को बढ़ा करने के लिए सबसे अच्छी जगह होना जारी रहे।

नि:शुल्क प्रीस्कूल चाइल्ड केयर

ढाई साल की उम्र के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक प्रीस्कूल चाइल्ड केयर को नि:शुल्क बना कर परिवारों के लिए और अधिक किफायती गुणवत्ता वाली, चाइल्ड केयर मुहैया करना, एक बच्चे वाले परिवार के लिए औसतन $17,000 बचाते हुए, उन बचतों को बढ़ाते हुए जो परिवार फुल-डे किंडरगार्टन से प्राप्त करते हैं।

65+ नि:शुल्क निर्धारित दवाएँ

OHIP+ के द्वारा 65 साल तथा उस से अधिक उम्र के सारे लोगों के लिए निर्धारित दवाओं को पुरी तरह नि:शुल्क बनाना, यह सुनिश्चित करते हुए कि किसी भी बुज़ुर्ग नागरिक को कभी भी जरूरी दवाओं के बिना रहने की जरूरत ना हो। ऑंटारियो ड्रग बेनेफिट की सालाना कटौती तथा को-पे को खतम करके, यह ऑंटारियो के सामान्य बुज़ुर्ग के लिए प्रति वर्ष $240 की बचत करता है।

ड्रग तथा डैंटल लागतों को कम करना

एक नए ऑंटारियो ड्रग तथा डैंटल प्रोग्राम की शुरुआत करना, जो कार्यस्थल में सेहत संबंधी लाभों के बिना या OHIP+ या दूसरे सरकारी प्रोग्रामों के द्वारा कवर नहीं किए जाने वाले लोगों के लिए हर साल योग्य निर्धारित दवाओं तथा दंत्य खर्चों का 80 प्रतीशत, प्रति अकेले व्यक्ति के लिए $400, प्रति जोड़े के लिए $600 तथा दो बच्चों वाले चार लोगों वाले परिवार के लिए $700 तक वापस करता है।

रहने सहने की लागत के साथ सहायता करना

ओंटारियो:

- 1 जनवरी, 2018 को न्यूनतम वेतन को $14 प्रति घंटे तक तथा 1, जनवरी, 2019 को $15 प्रति घंटे तक बढ़ा कर सारे ओंटारियो में 1.2 मिलियन लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित वृद्धि मुहैया कर रहा है।
- नए सीन्यरज़ हेल्थी होम प्रोग्राम (Seniors' Healthy Home Program) की शुरुआत कर रहा है। यह वृद्ध बुज़ुर्गों के घर पर, जहाँ वे रहना चाहते हैं, से संबंधित लागतों को पहचानता है। यह 75 साल या उस से अधिक उम्र के बुज़ुर्गों की अगवाई वाले योग्य घरों के लिए उनको स्वावलंबन से रहने तथा उनके घर की देख रेख की लागतों में सहायता करने के लिए $750 तक का सालाना लाभ मुहैया करता है।
- गो/अप (UP) ऐक्स्प्रेस नेटवर्क तथा टीटीसी के बीच ट्रान्सफर करने वाले आम कम्यूटर के लिए रोज आने जाने की लागत में प्रति वर्ष लगभग $720 की कमी कर रहा है तथा 1 जुलाई, 2017 से एक पब्लिक ट्रैन्ज़िट टैक्स क्रेडिट मुहैया कर रहा है जो बुज़ुर्गों के लिए प्रति वर्ष $450 कर की बचत करता है ।
- 1 जुलाई, 2017 से बिजली के आवासीय बिलों में औसतन 25 प्रतीशत की तथा योग्य देहाती तथा कम आमदनी वाले परिवारों के लिए 40 से 50 प्रतीशत की कटौती कर रहा है।
- मरीज़ों तथा उनके प्रियजनों पर यह माँग करके वित्तीय बोझ को कम कर रहा है कि पार्किंग के लिए प्रति $10 से अधिक शुल्क लगाने वाले अस्पताल छूट वाले पास पेश करें जो बारंबार आगंतुकों के लिए अधिकतम रेटों को कम से कम 50 प्रतीशत कम करता है।
- लोगों के लिए प्रदूषण कम करने के लिए, निकासों को कम करने के लिए तथा ग्रीनओऐन (GreenON) छूटों के द्वारा उनके घरों को अपग्रेड करने को और अधिक वहन करने योग्य बना रहा है। इन का मतलब नई इन्सुलेशन के लिए $7,200 तक की, खिड़कियों बदलने के लिए $5,000 तक की या प्रमाणित ग्राउन्ड सोर्स हीट पंप लगाने के लिए $20,000 तक की बचतें हो सकता है।
- 60 तथा 70 सालों की उम्रों के बीच के बुज़ुर्गों के लिए नि:शुल्क शिंगगल्ज़ (shingles) वैक्सीन, प्रति व्यक्ति लगभग $170 की बचत, मुहैया करके जीवन को अधिक आसान तथा सेहतमंद बना रहा है।

- ओंटारियो के 17 साल से कम उम्र के बच्चों को नि:शुल्क निवारक, नियमित तथा आपातकाल दंत्य सेवाएँ दे कर कम आमदनी वाले परिवारों के लिए दंत्य देखभाल की लागत की बचत कर रहा है।

चाइल्ड केयर में निवेश करना

ओंटारियो:

- ढाई साल की उम्र के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक प्रीस्कूल चाइल्ड केयर को नि:शुल्क बना कर परिवारों के लिए और अधिक किफायती गुणवत्ता वाली, चाइल्ड केयर मुहैया कर रहा है। यह एक बच्चे वाले परिवार के लिए औसतन $17,000 बचाता है तथा उन बचतों को बढ़ाता है जो परिवार फुल-डे किंडरगार्टन से प्राप्त करते हैं।
- 100,000 से अधिक चाइल्ड केयर स्थान बढ़ा रहा है ताकि परिवारों के पास किफायती गुणवत्ता वाली, चाइल्ड केयर के लिए और अधिक विकल्प हों - तथा सारे नए स्थानों में से लगभग 60 प्रतिशत के लिए अनुवृत्तियों के साथ परिवारों के लिए अतिरिक्त माली सहायता पेश कर रहा है।
- स्कूल बोर्डों से अधिकतर प्राथमिक स्कूलों में प्रोग्राम मुहैया करने की माँग करके 12 साल तक की उम्र के बच्चों वाले परिवारों को स्कूल से पहले तथा बाद के देखभाल प्रोग्रामों तक बेहतर पहुँच प्रदान कर रहा है।

छात्रों को सहारा देना

ओंटारियो:

- सारी उम्रों के 225,000 से अधिक छात्रों के लिए कॉलेज तथा युनिवर्सिटी ट्यूशन फीस को नि:शुल्क करना। कम तथा मध्य आमदनी वाले परिवारों के छात्रों के लिए नि:शुल्क या कम ट्यूशन उपलब्ध है; $90,000 तक कमाने वालों के लिए ट्यूशन नि:शुल्क है तथा $175,000 तक कमाने वाले परिवारों के छात्र भी वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं।
- फॉल 2018 में शुरूआत करके, मध्यम आमदनी वाले परिवारों से या विवाहित छात्रों के लिए ओसैप (OSAP) के लिए योग्य होना को तथा और अधिक माली सहायता प्राप्त करने को और अधिक आसान बना रहा है।

- ओंटारियो ओपन टेक्स्ट्बुकस इनिशीऐटिव के द्वारा नि:शुल्क ऑनलाइन टेक्स्ट्बुकस तथा शैक्षिक साधन मुहैया करके 5,000 से अधिक छात्रों के लिए $520,000 से अधिक की बचत कर रहा है।
- ओसैप (OSAP) कर्ज़ की अदायगी को और अधिक लचीला बना रहा है। अकेले छात्रों को उनके छात्र कर्ज़ों के ओंटारियो भाग की अदायगी करना तब तक शुरू नहीं करना होगा जब तक वह $35,000 प्रति साल नहीं कमा रहे हैं, $25,000 के पूर्व न्यूनतम से $10,000 की वृद्धि।

घरों से संबंधित वहन करने की योग्यता को बढ़ाना

ओंटारियो:

- 1 जनवरी, 2107 से, पहली बार के योग्य घर खरीददारों के लिए लैंड ट्रान्सफर टैक्स की धन-वापसी (रिफन्ड) को $4,000 तक दुगना कर के और अधिक लोगों के लिए घर खरीदने को अधिक आसान बना रहा है। इसका मतलब है कि ओंटारियो में घर खरीददार उनके पहले घर की लागत के पहले $368,000 के लिए कोई भी लैंड ट्रान्सफर टैक्स की अदायगी नहीं करेंगे।
- रेंट कन्ट्रोल को निजी बाज़ार के किराए के युनिटों तक बढ़ा रहा है तथा फेयर हाउज़िंग प्लैन के द्वारा आवास संबंधी बाज़ार को पुनः संतुलित कर रहा है।